Seventeenth Series, Vol. XIII No.11 | Tuesday, August 03, 2021
Sravana 12, 1943 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Sixth Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XIII contains Nos. 11 to 17 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh
**Secretary-General**
**Lok Sabha**

Suman Arora
**Joint Secretary**

Suman Rattan
**Director**

Narad Prasad Kimothi
Srivilasa Pandey
**Joint Director**

Kamala Subramanian
**Editor**

**© 2021 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

## C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XIII, Sixth Session, 2021/1943 (Saka)**
**No. 11, Tuesday, August 03, 2021/Sravana 12, 1943 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
| --- | --- |
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 201 to 206 | 13-36 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 207 to 220 | 37-107 |
| Unstarred Question Nos. 2301 to 2530 | 108-695 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 397-709

**MESSAGE FROM RAJYA SABHA** 710

**COMMITTEE OF PRIVILEGES**
2nd and 3rd Reports 711

**COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES**
45th to 47th Reports 712

**STANDING COMMITTEE ON FINANCE**
32nd to 39th Reports 713-714

**STANDING COMMITTEE ON LABOUR**
25th Report 715

**STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES**
Statement 716

**STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT**
Statements 717-718

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**
298th Report 719

**STATEMENTS BY MINISTER**


(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 25th Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Agricultural Research and Education, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare

**Shri Narendra Singh Tomar** 720

(ii)(a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 1st Report of the Standing Committee on Social Justice & Empowerment on Demands for Grants (2019-2020) pertaining to the Department of Social Justice and Empowerment, Ministry of Social Justice and Empowerment 721

(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Social Justice & Empowerment on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Social Justice and Empowerment, Ministry of Social Justice and Empowerment

**Dr. Virendra Kumar** 721

(iii) Status of implementation of the recommendations contained in the 10th Report of the Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution

**Shri Ashwini Kumar Choubey** 722

(iv) Status of implementation of the recommendations contained in the 9th Report of the Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Food and Public Distribution, Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution

**Sadhvi Niranjan Jyoti** 723

(v) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 228th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in 222nd Report of the Committee on the 'Management of Worsening Traffic situation in Delhi' pertaining to the Ministry of Home Affairs

**Shri Nityanand Rai** 724

(vi) Status of implementation of the recommendations contained in the 224th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Ministry of Home Affairs

**Shri Ajay Misra Teni** 724

(vii)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 3rd Report of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers on Demands for Grants (2019-2020) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers. 725

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers.

**Shri Bhagwanth Khuba** 726

(viii) Status of implementation of the recommendations contained in the 12th Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Fisheries, Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying

**Dr. L. Murugan** 769

**MATTERS UNDER RULE 377** 729-755

(i) Regarding implementation of Ayushman Bharat Yojana in West Bengal
**Shri Khagen Murmu** 730

(ii) Need to provide stoppage of train Nos. 05113/14 and 55007/08 at Taraiya Sujan Railway Station in Deoria district, Uttar Pradesh
**Dr. Ramapati Ram Tripathi** 731

(iii) Need to enhance the minimum pension under Employees' Pension Scheme
**Shri Ram Kripal Yadav** 732

(iv) Regarding implementation of 'Patmada Pump Nahar' scheme in Jharkhand
**Shri Bidyut Baran Mahato** 733

(v) Regarding establishment of a Postal Head office at Yadagir city, Karnataka
**Dr. Umesh G. Jadav** 734

(vi) Need to construct pit line at Latur Railway Station, Maharashtra
**Shri Sudhakar Tukaram Shrangare** 735-736

(vii) Regarding reinstating the 11 left-out Gorkha sub-tribes as STs
**Shri Raju Bista** 737

(viii) Need to set up a Mini Food Park in Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency, Haryana

**Shri Dharambir Singh** 738

(ix) Need to develop Ratanpur in Bilaspur district, Chhattisgarh as a tourist place

**Shri Arun Sao** 739

(x) Regarding enhancement of Pension under EPS-1995

**Shri Satyadev Pachauri** 740

(xi) Regarding financial assistance to hand-woven textile industry in West Bengal

**Shri Jagannath Sarkar** 741-742

(xii) Regarding increase in import duty on oranges exported to Bangladesh

**Shri Ramdas Tadas** 743

(xiii) Regarding allocation of funds for development of Bhongir Fort in Bhongir Parliamentary Constituency, Telangana

**Shri Komati Reddy Venkat Reddy** 744

(xiv) Regarding alleged irregularity in appointment to the post of Secretary, National Medical Commission

**Dr. Kalanidhi Veeraswamy** 745

(xv) Regarding promotion of eco-tourism in Tiruvannamalai district of Tamil Nadu

**Shri C.N. Annadurai** 746

(xvi) Regarding repeal of farm laws

**Prof. Sougata Ray** 747

(xvii) Regarding sanction of funds to Andhra Pradesh to combat the menace of climate change

**Shrimati Chinta Anuradha** 748-749

(xviii) Need to undertake caste census in Census 2021

**Shri Dileshwar Kamait** 750

(xix) Regarding electrification of Kollam-Punalur and Punalur-Schenkottah Railway line

**Shri N.K. Premachandran** 751

(xx) Need to upgrade ESIC DCBO in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan into a 30-bedded hospital

**Shri Narendra Kumar** 752

(xxi) Regarding disinvestment of RINL

**Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu** 753

(xxii) Need to cover employees appointed before 1.1.2004 in Jawahar Navodaya Vidyalaya under CCS Pension Rules, 1972

**Shri Hanuman Beniwal** 754

(xxiii) Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Niwai in Tonk-Sawai Madhopur Lok Sabha Constituency, Rajasthan

**Shri Sukhbir Singh Jaunapuria** 755

**STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF ESSENTIAL DEFENCE SERVICES ORDINANCE, 2021** 756-766

**AND**

**ESSENTIAL DEFENCE SERVICES BILL, 2021**

Motion to Consider 759

Adv. Ajay Bhatt 759-761

Shri N.K. Premachandran 762-763

Shri Adhir Ranjan Chowdhury 763

Prof. Sougata Ray 763

Shri Raj Nath Singh 764

Clauses 2 to 19 and 1 765

Motion to pass 766

**STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF TRIBUNALS REFORMS (RATIONALISATION AND CONDITIONS OF SERVICE) ORDINANCE, 2021** 770-779

**AND**

**TRIBUNALS REFORMS BILL, 2021**

| | |
|---|---|
| Motion to Consider | 775-776 |
| Shrimati Nirmala Sitharaman | 774-776 |
| Clauses 2 to 35 and 1 | 777 |
| Motion to pass | 779 |


***ANNEXURE – I**


| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 745 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 746-752 |


***ANNEXURE – II**


| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 753 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 754 |


[*] Available in Master copy of the Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

----------

Tuesday, August 03, 2021/Sravana 12, 1943 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

*At this stage, Sushri Mahua Moitra, Shri Hibi Eden, Shrimati Harsimrat Kaur Badal, Dr. Kalanidhi Veeraswamy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

…(व्यवधान)

**11.0 ½ hrs**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 201, श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे।

**(Q. 201)**

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :** धन्यवाद माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, जो कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों के हित के लिए बनाई है … (व्यवधान) लेकिन महाराष्ट्र में पिछले दो सालों से किसानों को इसका फायदा नहीं मिला है। … (व्यवधान) कई बार महाराष्ट्र सरकार को मेरे द्वारा चिट्ठी लिखने के बावजूद भी महाराष्ट्र के किसान, खासकर जलगांव और बुलढाणा जिले के कई किसान इस योजना से वंचित हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि वहां के किसानों को इसका लाभ कब तक मिल सकेगा? … (व्यवधान) मेरे द्वारा कई बार इसकी शिकायत करने के बाद राज्य सरकार द्वारा बताया गया है कि केंद्र सरकार से पैसा नहीं मिला है, इस वजह से वह भुगतान नहीं कर पा रही है। … (व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी :** माननीय अध्यक्ष जी**,** माननीय सदस्य ने क्लेम के विषय को लेकर प्रश्न पूछा है। … (व्यवधान) मैं बताना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में नई फसल बीमा नीति जब से लागू हुई है, उसके बाद से किसानों को क्लेम समय पर मिले, इसको ध्यान में रखकर काम लगातार

आगे बढ़ रहा है। … (व्यवधान) जहां तक महाराष्ट्र की बात है, तो महाराष्ट्र राज्य से वर्ष 2020-21 का राज्य अंश अभी आना है, जोकि लगभग 203 करोड़ रुपये है। … (व्यवधान) जब वह भारत सरकार के पास आ जाएगा तो उसके बाद भारत सरकार धनराशि रिलीज कर देगी। … (व्यवधान) दूसरा, अभी जो नुकसान हुआ है और उसका जो आकलन है, वह राज्य सरकार और कंपनी की संयुक्त टीम के माध्यम से किया जा रहा है। वह आकलन जैसे ही आएगा, वैसे ही उसका मुआवजा निश्चित रूप से अनुमन्य हो जाएगा। … (व्यवधान) कुल मिलाकर अभी वहां जो भी विषय पेंडिंग हैं तथा राज्य सरकार का जो अंश आना अभी बाकी है, उसके आते ही भारत सरकार द्वारा महाराष्ट्र के किसानों को उनका क्लेम उपलब्ध करा दिया जाएगा। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** यदि आप दूसरा प्रश्न पूछना चाहती हैं तो पूछ सकती हैं।

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:** सर, जब भी बीमा किया जाता है तो कंपनी को बैंक की तरफ से डेटा दिया जाता है। … (व्यवधान) बैंक कई बार डेटा देने में गलतियां करता है और इसका नुकसान किसानों को भुगतना पड़ता है। … (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि ऐसे वक्त में यदि बैंक गलती करता है, तो उस पर हम क्या कार्रवाई कर सकते हैं? … (व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी :** माननीय अध्यक्ष जी**,** अगर कट ऑफ डेट के बाद वहां की बैंक प्रीमियम कंपनी में जमा करती है तो ऐसी स्थिति में क्लेम की पूरी जिम्मेवारी बैंक की होगी। **…** (व्यवधान) पूरा क्लेम बैंक को देना होगा, लेकिन उसके बावजूद भी भारत सरकार कई बार बीच में प्रयास करके एक-दो दिन या पांच दिन की छूट करवाती है, जिससे कि उनको पूरा क्लेम नहीं देना पड़े। … (व्यवधान) इसके बावजूद भी यदि क्लेम लेट होता है या डेटा की वजह से विलंब होता है, … (व्यवधान) तो इसके लिए 12 प्रतिशत ब्याज के रूप में उनको किसान को चुकाना पड़ेगा। यदि राज्य सरकार इसमें तीन माह से

अधिक की देरी करती है तो उसे भी 12 प्रतिशत ब्याज सहित किसानों को क्लेम देना पड़ता है। … (व्यवधान) यदि बैंक भी गलती करेगा या बैंक के डेटा में कमी रहेगी तो इसके लिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। … (व्यवधान) किसानों को पूरा क्लेम मिलेगा और बैंक अगर डेटा एवेलेबल नहीं करवाएगा तो फिर बैंक को क्लेम की पूरी राशि किसान को देनी पड़ेगी। … (व्यवधान) किसानों के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में विशेष रूप से जो नई गाइडलाइन बनी है, उसमें नई फसल बीमा नीति लागू की गई है। … (व्यवधान) उसमें किसानों को विशेष तौर पर सुरक्षित रखा गया है ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं सहना पड़े। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री प्रतापराव जाधव

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती नवनीत रवि राणा।

… (व्यवधान)

**श्री प्रतापराव जाधव:** मेरा माइक ही चालू नहीं हुआ।… (व्यवधान)

**श्रीमती नवनित रवि राणा:** महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।… (व्यवधान)

मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूँगी कि जिस तरीके से अभी उन्होंने बताया कि बीमा में कोई भी प्रॉब्लम होती है या किसानों का लेट भुगतान होता है, तो उसके लिए वे बताएं।… (व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र के आसपास कई जिलों में सोयाबीन और मूँग की खेती को 100 परसेंट नुकसान हुआ है।… (व्यवधान) उन किसानों को पिछले वर्ष का भुगतान अभी तक नहीं दिया गया है।… (व्यवधान) क्या सरकार और मंत्री महोदय इसमें कोई एक्शन लेना चाहेंगे? … (व्यवधान)

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहूँगी कि सरकार फसल बीमा भुगतान तथा इंस्टालमेंट जैसे कार्य 14 अलग-अलग कंपनियों को देती है।… (व्यवधान) क्या सरकार ऐसी कोई सरकारी बीमा कंपनी बनाने पर विचार कर रही है, जिससे सरकार के पैसे डायरेक्ट सरकारी बीमा कंपनियों में जाएं तथा बीमा कंपनियों को जो कमीशन मिल रहा है, उसका लाभ डायरेक्ट किसानों को हो और बीमा कंपनियों को उसका लाभ न हो?… (व्यवधान) किसान बीमा कंपनियों को पैसे देते हैं।… (व्यवधान) छोटी-मोटी त्रुटियों के कारण किसान को उसका बहुत बड़ा नुकसान और बीमा कंपनियों को बहुत बड़ा फायदा होता है।… (व्यवधान) क्या सरकार इस पर कोई विचार कर रही है कि आने वाले समय में सरकारी बीमा कंपनी बनाकर सीधा, डायरेक्ट किसानों को उसका लाभ मिले? … (व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी :** महोदय**,** माननीय सदस्या ने क्लेम की बात की है।**…** (व्यवधान) अगर किसी भी किसान का क्लेम है, जैसे अगर बैंक उसमें देरी करेगा, तो मैंने इसका पहले ही पूरा जिक्र किया है।… (व्यवधान) कहीं न कहीं राज्य सरकार के प्रीमियम की जो राशि है, अगर वह भारत सरकार को अवेलेबल हो जाएगी, तो वह उसके यहाँ आने के बाद सिर्फ दो या पाँच दिन के अंदर ही अपने हिस्से की राशि जमा करवा देती है और किसान को क्लेम उपलब्ध होता है।… (व्यवधान) इसके मुख्य कारण वहाँ रहते हैं।… (व्यवधान) राज्य का अपनी सब्सिडी के अंदर का पार्ट न देना इसका कारण होता है।… (व्यवधान) कई बार यह स्थिति होती है।… (व्यवधान) कई बार बैंक का डेटा भी सही नहीं होता है।… (व्यवधान) इसकी वजह से ऐसी प्रॉब्लम आती है।… (व्यवधान) भारत सरकार हमेशा पहल करते हुए इसे करती है।… (व्यवधान)

दूसरा, जैसा आपने सरकार की कंपनी बनाने का जिक्र किया है।… (व्यवधान) सरकार का कंपनी बनाने का जो विचार है।… (व्यवधान) अगर राज्य सरकार चाहे तो इसके अंदर यह प्रावधान है।… (व्यवधान) राज्य सरकार अगर स्वयं की अपनी बीमा कंपनी बनानी चाहे, तो राज्य सरकार

अपनी इंश्योरेंस कंपनी बना सकती है।... (व्यवधान) यह भारत सरकार की गाइडलाइन में भी है।... (व्यवधान) राज्य सरकार ऐसा कर सकती है।... (व्यवधान) भारत सरकार में ऑल इंडिया इंश्योरेंस कंपनीज ऑलरेडी हैं।... (व्यवधान) जो ऑल इंडिया इंश्योरेंस कंपनीज हैं, वे भारत सरकार की हैं।... (व्यवधान) इसके साथ ही अलग-अलग राज्यों के अंदर इसका टेंडर होता है।... (व्यवधान) जो कंपनी टेंडर के अंदर जाती है, वह इस काम को करती है।... (व्यवधान) उसके लिए बाकायदा उनके ऊपर यह स्वतंत्रता नहीं है, उन के ऊपर बाकायदा एक लिमिटेशन है।... (व्यवधान) उसके अनुसार ही टेंडर होता है।... (व्यवधान) टेंडर प्रक्रिया में पहले ऐसा था कि किसानों को समस्या आती थी।... (व्यवधान) पहले एक साल के लिए कंपनी का टेंडर होता था।... (व्यवधान) अब इसे बढ़ाकर तीन साल का कर दिया है।... (व्यवधान) तीन साल का टेंडर होने की वजह से वहाँ पर कंपनी अपना खुद का ऑफिस सेटअप करेगी।... (व्यवधान) किसानों की समस्याओं का समाधान करने की उनकी जिम्मेदारी है।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, प्रश्न काल महत्वपूर्ण समय होता है और आज किसानों पर महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपसे आग्रह करूँगा कि माननीय सदस्यगण आप अपनी-अपनी सीटों पर जाकर विराजें।

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** किसानों के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करें। सरकार की जवाबदेही तय करें ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप चर्चा नहीं करना चाहते**,** संवाद नहीं करना चाहते हैं। आप तख्तियाँ लाकर संसदीय परम्पराओं का अपमान कर रहे हैं। कृपया**,** आप अपनी**-**अपनी सीटों पर जाइए और किसानों के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 202, श्री सदाशिव किसान लोखंडे।

**(Q. 202)**

**श्री सदाशिव किसान लोखंडे :** महोदय, मेरे क्षेत्र के अहमदनगर जिले में 25 से 30 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है।... (व्यवधान) किसानों को दूध का उचित भाव मिलना चाहिए।... (व्यवधान) मेरे क्षेत्र के अहमदनगर जिले में 25 से 30 लाख लीटर दूध का निर्माण होता है।... (व्यवधान) गाय खरीदने में जो खर्चा आता है।... (व्यवधान) एक गाय खरीदने में एक लाख रुपये का खर्चा आता है।... (व्यवधान) गाय की 17 से 18 साल तक उम्र होती है। वह तीन साल के बाद दूध देना चालू करती है और सात-आठ साल तक दूध देती है। एक गाय का पूर्ण खर्चा करीब एक लाख रुपये आता है।... (व्यवधान) वर्ष 2015 में जो गौहत्या बंदी कानून लागू किया गया, उसे पारित करने के बाद गाय को बेचा नहीं जा सकता है और बेचे नहीं जाने से किसान परेशान हैं।... (व्यवधान) पहले गाय को बेचते समय किसान को तीस से चालीस हजार रुपये मिलते थे। वर्ष 2015 में गौहत्या बंदी होने से, जो बांझ गाय है, जो दूध नहीं देने वाली गाय है, उसको वे बेच नहीं सकते हैं।... (व्यवधान) इससे किसानों को बहुत तकलीफ है। साथ ही दूध उत्पादक किसान के लिए जो चारे का खर्चा है, वह 100 से 150 रुपये रोज का लगता है। जो पशु खाद्य लगता है, उसका करीबन खर्चा यह आता है... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप संक्षेप में पूछिए।

... (व्यवधान)

**श्री सदाशिव किसान लोखंडे :** जो दूध का भाव होता है, वह 18 रुपये मिलता है। मेरा एक प्रश्न है कि जो चारे का खर्चा है, आज डीजल का भाव, मजदूरी का भाव बढ़ा हुआ है और मजदूरी का भाव बढ़ने से किसान बहुत परेशान हैं।... (व्यवधान) दूध का 18 रुपये भाव मिलता है और 20 रुपये खर्चा है। गौहत्या बंदी होने से गाय को बेचते समय उचित भाव नहीं मिलता है।... (व्यवधान) मेरे यहां यह

परिस्थिति है। मेरा सरकार से प्रश्न है कि जो गन्ने का भाव मिलता है**,** वह सरकार ही तय करती है।**...** (व्यवधान)

**डॉ. संजीव कुमार बालियान :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बहुत बड़ा सवाल पूछा है। मैं इसके बारे में यही कह सकता हूं कि डेयरी प्रदेश का विषय है।... (व्यवधान) हम उसमें मदद करते हैं। अगर भाव कहीं नहीं मिल रहा है तो कोऑपरेटिव सिटस्म बहुत बड़ा है, जिसमें केन्द्र सरकार मदद करती है।... (व्यवधान) हमारे यहां दो इंफ्रास्ट्रक्चर फंड्स हैं**-** डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड करीब 11 हजार करोड़ रुपये का है। एनीमल हसबैंडरी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड करीब 15 हजार करोड़ रुपये का है।... (व्यवधान) कोऑपरेटिव को लगातार मदद करने का काम केन्द्र सरकार की तरफ से किया जाता है। विशेष रूप से किसी डिस्ट्रिक्ट की कोई समस्या है... (व्यवधान) देखिए, दूध के भाव सरकार द्वारा तय नहीं किए जाते हैं।... (व्यवधान) दूध के भाव मार्किट तय करता है। यह पेरिशएबल आइटम है। कभी भी केन्द्र सरकार की तरफ से दूध के भाव तय नहीं किए जाते हैं।... (व्यवधान) जहाँ तक गौहत्या पर प्रतिबंध की बात है और जो पशु दूध नहीं देते हैं, यह वाकई पूरे देश की एक समस्या है।... (व्यवधान) यह भी कहीं न कहीं प्रदेश सरकार का विषय है, यह मैं कह सकता हूं।... (व्यवधान)

**श्री सदाशिव किसान लोखंडे :** उसका जो भाव है**,** वह हम ही देते हैं। क्या सरकार दूध का 35 रुपये भाव देगी? यह मेरा पहला प्रश्न है और मुझे पहले प्रश्न का उत्तर चाहिए।**...** (व्यवधान)

**डॉ. संजीव कुमार बालियान :** माननीय अध्यक्ष जी, दूध की खरीदारी करना उनके डिस्ट्रिक्ट में महाराष्ट्र कोऑपरेटिव का काम है, न कि केन्द्र सरकार का काम है, दूध की खरीदारी करना। हाँ, उनके डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव को अगर मजबूत करने की आवश्यकता है, तो उसकी मदद मंत्रालय के द्वारा की जा सकती है।... (व्यवधान)

**श्री मनोज तिवारी:** अध्यक्ष जी, मुझे पूरक प्रश्न पूछने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। डेयरी और पशुपालन की ट्रेनिंग पहले ओडिशा में होती थी, अब वह प्रशिक्षण केन्द्र चंडीगढ़ में हो गया है।... (व्यवधान) बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए क्या मंत्री जी बताएंगे कि यह प्रशिक्षण केन्द्र बिहार में लाने की कोई योजना है, क्योंकि इस समय डेयरी के लिए, मत्स्य पालन के लिए लोगों में बहुत उत्कंठा है।... (व्यवधान) लेकिन केन्द्र दूर होने से लोगों को शिक्षा नहीं मिल पा रही है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह प्रशिक्षण केन्द्र बिहार में लाने की कोई योजना है? … (व्यवधान)

**डॉ. संजीव कुमार बालियान :** माननीय अध्यक्ष जी, अगर प्रदेश सरकार की तरफ से कोई प्रस्ताव आता है, तो प्रशिक्षण केन्द्र खोलने में मदद करने पर केन्द्र सरकार विचार कर सकती है।... (व्यवधान)

**श्री मनोज तिवारी :** धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 203, डॉ. राजदीप राय ।

**(Q. 203)**

**डॉ. राजदीप राय :** माननीय अध्यक्ष जी, सिल्चर की लोकेशन एक स्ट्रेटेजिक लोकेशन पर है। साउथ असम की इस जगह पर, इस भूखंड से होते हुए चार राज्य मिजोरम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के रास्ते निकलते हैं।... (व्यवधान) फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के स्टोरेज और गोदाम की प्रक्रिया सन् 2012 में शुरू हुई थी। ... (व्यवधान) सन् 2012 से 2017 तक इस मामले में कोई काम आगे नहीं बढ़ा है। ... (व्यवधान) हमारी सरकार आने के बाद वर्ष 2017 में लैण्ड एक्विज़िशन की प्रक्रिया शुरू हुई। ... (व्यवधान) यह कहते हुए थोड़ा संकोच हो रहा है, लेकिन यह प्रक्रिया थोड़ी स्लो चल रही है। ... (व्यवधान) जो एनओसी रेलवे विभाग से आने वाला था, वह भी नहीं मिल पा रहा है। ... (व्यवधान) कोविड महामारी के समय, जियोग्राफिकल लोकेशन की वजह से, वहां पर फूड ग्रेन्स और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स भी काफी देर से पहुंचते हैं, जिसके कारण प्राइस राइज़ एक बहुत बड़ा मुद्दा उस इलाके में बन गया है। ... (व्यवधान) मैं मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि गोदाम और स्टोरेज कैपेसिटी जो एफसीआई के अण्डर है, उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करें। ... (व्यवधान) जो तीन पट्टे की ज़मीन है, उस पर रेल विभाग का भी नो ऑब्जेक्शन जल्दी आना चाहिए। ... (व्यवधान) उसके लिए जल्दी से जल्दी इण्टर डिपार्टमेंटल मीटिंग की जानी चाहिए। ... (व्यवधान) इस प्रोजेक्ट का आगे जो भी, जैसा भी करना है, अगर वह किया जाए तो अच्छा होगा। ... (व्यवधान) इससे वहां के चालीस लाख लोगों को बहुत राहत मिलेगी। ... (व्यवधान) साथ ही बगल के जो चार राज्य हैं, वहां के लोगों को भी इससे फायदा होगा। ... (व्यवधान)

**साध्वी निरंजन ज्योति :** अध्यक्ष महोदय**,** माननीय सदस्य असम से आते हैं। ... (व्यवधान) उन्होंने सिल्चर के खाद्य गोदाम की बात की है। ... (व्यवधान) यह बात सही है कि इसके लिए वर्ष 2012 में ज़मीन अधिग्रहण की गई थी। ... (व्यवधान) रेलवे और वहां की सरकार में तालमेल न होने के कारण

उस समय इसका समाधान नहीं निकल पाया था। ... (व्यवधान) लेकिन आज यह बताते हुए मुझे खुशी है कि हमारे मंत्रालय ने भारतीय खाद्य निगम की लगभग 50 प्रतिशत राशि जो कि कुल सात करोड़ रुपये बनती है, उसको जमा करा दिया है। ... (व्यवधान) अधिग्रहण के लिए और शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया के संबंध में कार्यवाही की जा रही है। ... (व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करती हूँ कि उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट के प्रदेशों को अपने क्षेत्र के साथ शामिल करते हुए यह पूछा है। ... (व्यवधान) महोदय, बहुत ही जल्दी यह प्रक्रिया पूरी होने वाली है। ... (व्यवधान)

**डॉ. राजदीप राय :** स्पीकर सर, मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूँ कि उसके लिए नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट कब तक मिल सकता है? ... (व्यवधान)

**साध्वी निरंजन ज्योति :** महोदय, मैं मंत्रालय की तरफ से माननीय सदस्य को आश्वस्त करती हूँ कि नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट बहुत ही जल्दी मिलने वाला है। ... (व्यवधान) आपने स्वयं हमारी सरकार की गतिविधियों की प्रशंसा की है। ... (व्यवधान) यह बात सही है कि यह एक बहुत महत्वपूर्ण विभाग है। ... (व्यवधान) लेकिन आज मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि इस विभाग के माध्यम से सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के द्वारा खाद्य संरक्षण की व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर की है। ... (व्यवधान) भारतीय खाद्य निगम और राज्य की एजेंसियों से उपलब्ध केन्द्रीय पूल, खाद्यान्नों की भण्डारण क्षमता को 916 लाख 65 हजार मीट्रिक टन तक बढ़ाया है।... (व्यवधान) उत्तर-पूर्व में भी भारतीय खाद्य निगम और राज्य एजेंसियों ने इस पर काम किया है। ... (व्यवधान) सरकार ने पूर्व में असम राज्य को छोड़ कर, इस सैक्टर में पीईजी योजना और लैसों के तहत नियोजित, निर्मित, निर्माणाधीन भण्डारण क्षमता एक लाख 61 हज़ार 435 मीट्रिक टन करने की व्यवस्था की है। ... (व्यवधान)

महोदय, असम के माननीय सांसद को मैं आश्वस्त करती हूँ कि आपके सिल्चर का भण्डार बहुत जल्दी ही चालू होने वाला है। … (व्यवधान)

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री; उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा वस्त्र मंत्री (श्री पीयूष गोयल):** अध्यक्ष महोदय, माननीय सांसद ने जो गंभीर विषय उठाया है, यह वास्तव में एक उदाहरण है, जो यूपीए की सरकार और जिसके कई माननीय सदस्य आज किसान विरोधी काम कर रहे हैं। … (व्यवधान) किसानों की चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। … (व्यवधान) किसानों की बातचीत देश तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं। … (व्यवधान) किसानों का जो सामान एमएसपी पर खरीदा जाता है, वह एफसीआई के गोदाम में रखा जाता है। … (व्यवधान) जो कि खाद्य सुरक्षा के लिए अहम भूमिका निभाता है। … (व्यवधान) वैसे भी महत्वपूर्ण विषयों पर इनकी रूचि न होने का यह एक परफेक्ट उदाहरण है। … (व्यवधान) ऐसे ही जो-जो योजनाएं ये घोषित करते थे, उनको कभी क्रियान्वित न करना, यह यूपीए और कांग्रेस की पहचान है। … (व्यवधान)

वर्ष 2012 में इन्होंने गोडाउन्स की स्वीकृति जरूर दी, लेकिन उसके बाद उसके लिए कोई काम नहीं किया।… (व्यवधान) उस समय राज्य सरकार और केन्द्र सरकार, दोनों कॉंग्रेस पार्टी की होने के बावजूद, इस पर कुछ भी काम वर्ष 2016 तक नहीं हो पाया।… (व्यवधान) भारतीय जनता पार्टी की सरकार, प्रधान मंत्री मोदी जी की सरकार के आने के बाद कॉंग्रेस की असम सरकार के साथ बातचीत विफल रही।… (व्यवधान) उसके बाद जब सर्वानन्द सोनोवाल जी की वहां सरकार आई, तब वर्ष 2017 में ही इस पर काम शुरू हो पाया।… (व्यवधान) वर्ष 2017 में इस काम को तेज गति मिली।… (व्यवधान) हमने पैसे भी जमा किए।… (व्यवधान) कुछ लोकल परिस्थितियों के कारण जमीन अधिग्रहण में समय लगा।… (व्यवधान) उसके कारण यह काम आगे नहीं बढ़ पाया और हमें विश्वास है कि लोकल एरिया में हमारे माननीय सांसद हमारी मदद करेंगे, जिससे जल्द-से-जल्द वहां

की जमीन हमें उपलब्ध हो जाए।... (व्यवधान) रेलवे के साथ भी चर्चा चल रही है।... (व्यवधान) मुझे पूरा विश्वास है कि उस चर्चा में भी सामान्य रूप से सफलता मिलेगी और ये गोडाउन्स जल्दी बनेंगे।... (व्यवधान)

पूर्वोत्तर के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने विशेष फोकस किया है।... (व्यवधान) नॉर्थ-ईस्ट के सभी राज्यों में तेज गति से विकास हो, उनके क्षेत्रों में तेज गति से केन्द्रीय योजनाएं पहुंचे, वहां के किसानों का भविष्य भी तेज गति से उज्ज्वल हो, इसके लिए केन्द्र सरकार और अब उत्तर-पूर्व की सभी राज्य सरकारें मिल कर काँग्रेस की विफलताओं को, उनकी नाकामियों को ठीक करने का काम कर रही हैं।... (व्यवधान) उसी श्रृंखला में यह काम भी किया जाएगा।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नम्बर - 204; एंटो एन्टोनी जी।

**(Q.204)**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी. एल. वर्मा) :** माननीय अध्यक्ष जी, प्रश्न संख्या - 204 का उत्तर सदन के पटल पर रख दिया गया है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 205, श्री राजीव प्रताप रूडी।

**(Q. 205)**

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** महोदय, यह सवाल मेरे मन में था और औसतन किसी-किसी विषय पर मैं थोड़ा जांच-पड़ताल करता रहता हूं, अनुसंधान करता रहता हूं।... (व्यवधान) अचानक मेरी रुचि फलों के प्रति हुई और मैंने सोचा कि अपने जीवन में फलों के भी कुछ पेड़ लगाए जाएं।... (व्यवधान) एक अच्छे नागरिक और एक अच्छे सांसद की तरह मैंने इसका प्रयास किया।... (व्यवधान) इस प्रयास के क्रम में मैंने दिल्ली अवस्थित 'पूसा' संस्थान से सम्पर्क किया।... (व्यवधान) अपने कर्मचारियों को वहां भेज कर उनसे सम्पर्क किया।... (व्यवधान) मुझे आम और अमरूद के कुछ पेड़ चाहिए थे।... (व्यवधान) वहां जब हमारे लोग गए, हमारा माली गया तो ऐसा लगा कि पेड़ देकर मुझ पर बहुत बड़ा एहसान किया जा रहा है।... (व्यवधान) इससे मैं थोड़ा चकित हुआ।... (व्यवधान) फिर मुझसे कहा गया कि अब सीज़न समाप्त हो गया है, अब आप अगले साल के लिए बुकिंग कराइए।... (व्यवधान) फिर हमने अगले साल के लिए एक लिस्ट बनाकर भेजी।... (व्यवधान) मुझे आश्चर्य इस बात का है कि उसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं दी गई और मैं सांसद के रूप में कोशिश करता रहा।... (व्यवधान) माननीय मंत्री जी की कृपा हुई।... (व्यवधान) इनके ऑफिस को मैंने तीन-चार चिट्ठियां लिखीं, जिन्हें इन्होंने पढ़ा।... (व्यवधान) इनके प्राइवेट सेक्रेटरी से बात हुई।... (व्यवधान) उनसे बात होने के बाद मुझे 50 पेड़ों की अनुमति मिली।... (व्यवधान) मैंने पूछा कि इसे कब लिया जाना है तो यह कहा गया कि आप भारत की किसी भी नर्सरी से ले सकते हैं।... (व्यवधान)

महोदय, मैं बस एक प्रश्न का उत्तर इनसे पूछना चाहता हूं।... (व्यवधान) मदर प्लांट्स तैयार किए जाते हैं और वे नर्सरीज़ को दिए जाते हैं।... (व्यवधान) हमारे पास वर्ष 2019-20 की नर्सरीज़ की जो सूची है, उसमें 17 स्थान हैं।... (व्यवधान) उत्तर प्रदेश में 'पूसा' के द्वारा एक भी नर्सरी नहीं दी गयी है, जहां की आबादी 20 करोड़ है।... (व्यवधान) बिहार की आबादी 12 करोड़ है और वहां

हॉर्टीकल्चर के लिए आम, अमरूद, केला, पपीता इत्यादि के मदर प्लांट देने के लिए एक भी नर्सरी नहीं है ।... (व्यवधान) आखिर, इतना बड़ा देश है, कृषि विज्ञान केन्द्र भारतवर्ष में काम करते हैं ।... (व्यवधान) अच्छे फल के पौधे और वृक्ष उनके मदर प्लांट्स से डेवलप किए गए हैं ।... (व्यवधान) माननीय मंत्री जी इस बात का उत्तर देंगे कि देश के कृषि विज्ञान केन्द्र, जो भारतवर्ष में हैं, उसे अधिकृत करते हुए देश में अच्छे फल के पौधे देने के लिए क्या आप भारत सरकार की तरफ से कोई प्रस्ताव लाकर यह व्यवस्था कायम करना चाहते हैं या नहीं?... (व्यवधान) मैं यह जानना चाहूंगा, क्योंकि आज भारतवर्ष में हमारे फलों का उत्पादन 99 मिलियन टन है और 192 मिलियन टन सब्जी का उत्पादन है ।... (व्यवधान) स्वाभाविक तौर से फल हैं, जो बिना पकाए खाए जा सकते हैं और हम सब अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें । क्या आप नीतिगत तौर पर ऐसी कोई व्यवस्था करेंगे?... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप संक्षिप्त में अपनी बात रखें ।

... (व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी:** माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि रूडी साहब ने कहा कि मैं रिसर्च करता रहता हूँ, निश्चित रूप से इनकी जो समस्या है या उन्होंने जो जिक्र किया है, उस जिक्र को लेकर मैं कहना चाहूँगा ।... (व्यवधान) उन्होंने मदर प्लांट की बात की है । हमारा जो नेशनल एग्री रिसर्च सिस्टम है, उसके तहत आईसीएआर है, स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी है और सेन्ट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी है ।... (व्यवधान) कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा रिसर्च किया जाता है कि नई वेरायटी हो और वह उच्च गुणवत्ता की हो ।... (व्यवधान) उन वेरायटिज़ को तैयार करने के बाद उनका मदर प्लांट तैयार किया जाता है ।... (व्यवधान) मदर प्लांट तैयार करने के बाद उसको नर्सरी में उपलब्ध करवाया जाता है ।... (व्यवधान) उसके द्वारा टिश्यू कल्चर के माध्यम से एवं अन्य प्रकार से पौधे तैयार करके आगे

किसानों तक या जिसको भी आवश्यकता होती है, वहाँ तक पहुँचाया जाता है ।... (व्यवधान) उसके लिए भारत सरकार की ओर से जो नर्सरीज़ होती हैं, उनको सहायता प्रदान की जाती है। अगर छोटी नर्सरी होती है तो उनको दस लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है ।... (व्यवधान) अगर राज्य सरकार करती है तो वह 100 परसेंट है। उस नर्सरी की शत-प्रतिशत सहायता करते हैं ।... (व्यवधान) अगर बड़ी नर्सरी है तो 16 लाख रुपये तक की व्यवस्था है ।... (व्यवधान) अगर हाईटेक नर्सरी है तो 40 लाख रुपये तक सहायता प्रदान की जाती है ।... (व्यवधान) अगर कोई व्यक्तिगत नर्सरी लगता है तो उसके लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है ।... (व्यवधान) अगर उच्च घनत्व वाले वृक्ष हैं तो उनके लिए भी 30 हजार रुपये का प्रावधान है। अगर 10 हजार से 12 हजार रुपये के पौधे प्रति हेक्टेयर लगाने हैं तो उसके अंदर 35 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता प्रदान की जाती है ।... (व्यवधान) वहीं अगर आप 1500 से अधिक वृक्ष लगाते हैं तो वहाँ पर 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से सहायता प्रदान की जाती है ।... (व्यवधान) इसमें विशेषकर राज्य के बारे में, जैसा मैंने कहा कि राज्यों को शत-प्रतिशत सहायता दी जाती है। ... (व्यवधान)

माननीय सदस्य ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर पौधों की व्यवस्था करने के बारे में कहा है ।... (व्यवधान) जो मदर प्लांट्स हैं, वे हमारे आईसीएआर और यूनिवर्सिटीज़ के द्वारा तैयार किए जाते हैं ।... (व्यवधान) कृषि विज्ञान केन्द्र भी मदर प्लांट तैयार करती है, जिसके बारे में मैं आँकड़ों के साथ बताना चाहता हूँ ।... (व्यवधान) अभी तक टोटल मिलाकर जो मदर प्लांट्स हैं, पिछले दो सालों में लगभग 87,212 प्लांट्स वितरित किए गए हैं ।... (व्यवधान) देश के अंदर लगभग 7.45 करोड़ प्लांटिंग मैटेरियल का वितरण किया गया है ।... (व्यवधान) कुल मिलाकर, जैसा मैंने जिक्र किया कि मदर प्लांट और प्लांट मैटेरियल के द्वारा 7.45 करोड़ पौधों का वितरण हुआ है ।... (व्यवधान) मैं सोचता हूँ कि इसमें आईसीएआर के माध्यम से भी पौधों की व्यवस्था है ।... (व्यवधान) दूसरी जगहों पर जैसा कि यूनिवर्सिटीज़ हैं, वहाँ पर भी मदर प्लांट के साथ टिश्यू कल्चर के माध्यम से पौधे तैयार

करके उपलब्ध करवाये जाते हैं।… (व्यवधान) लेकिन, आईसीएआर का काम रिसर्च करना है और रिसर्च करके नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से नए किस्म के पौधे तैयार किए जाते हैं।… (व्यवधान) आगे का जो काम है, उसमें नर्सरी के माध्यम से आम जनता तक पहुँचाने की व्यवस्था है, लेकिन फिर भी भारत सरकार समय-समय पर प्रयास करती है।… (व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** अध्यक्ष महोदय, मेरा सीधा-सा सवाल था और पूरे मंत्रालय के तथ्य मेरे सामने रख दिए गए हैं। मुझे कोई आपत्ति नहीं है, मंत्री जी ने अपने सब विषयों को रख दिया। मैं साधारण-सा विषय पूछ रहा हूँ।… (व्यवधान) मैंने आपसे इतना पूछा कि हम नर्सरी से पौधा लेकर जाते हैं, तीन साल तक उसको सेवतें हैं और पता चलता है कि उसमें फल ही नहीं आया।… (व्यवधान) आखिर उस किसान का क्या कसूर है? मैं आपसे सिर्फ यह कह रहा हूँ कि आप लाखों पौधे कहाँ बेचते हैं, किसको बेचते हैं, उससे हमारा मतलब नहीं है।… (व्यवधान) आप किसानों को आम, लीची के जो पौधे देते हैं, क्या वह सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स हैं? … (व्यवधान) तीन साल के बाद जब मैं उसको सेव कर देखूँ तो मुझे आनंद हो कि मैंने अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पेड़ लगाया है। उसमें सर्टिफिकेशन की क्या व्यवस्था है? … (व्यवधान) आप जो मदर प्लांट देते हैं, उससे जो सीड बनता है, उस सीड के बारे में नर्सरी में सर्टिफिकेशन की क्या व्यवस्था है?… (व्यवधान) अगर तीन साल के बाद उसके अनुरूप फल नहीं निकलता है तो उसके खिलाफ आप क्या कार्रवाई करते हैं, किसानों को क्या प्रोटेक्शन देते हैं? … (व्यवधान) क्या किसी कृषि विज्ञान केन्द्र को इसकी जिम्मेदारी आप देना चाहेंगे? यह सीधा सवाल है।… (व्यवधान)

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर):** माननीय सदस्य की चिंता निश्चित रूप से बहुत वाजिब है।**…** (व्यवधान) सदस्य को पौधा प्राप्त करने में जो कठिनाई हुई**,** वह निश्चित रूप से नहीं होनी चाहिए थी।… (व्यवधान) मैं इस मामले में सदस्य की बात से पूरी तरह से सहमत हूं।…

(व्यवधान) जैसा कि मैंने और हमारे मंत्री जी ने जवाब में बताया कि कुल-मिलाकर आईसीएआर, पूसा इंस्टीट्यूट, सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, केवीके और राज्य सरकार, यह एक पूरी प्रक्रिया है ।...(व्यवधान) कुल-मिलाकर आईसीएआर से लेकर केवीके तक, ये सारे के सारे रिसर्च इंस्टीट्यूट्स हैं ।...(व्यवधान) रिसर्च करने के बाद मदर प्लांट तैयार करना और वह राज्य सरकार व नर्सरी को देना, इसमें दिक्कत इसलिए आई कि सामान्य तौर पर पहले नर्सरीज़ रजिस्टर्ड हों और नर्सरीज़ में जो पौधे बन रहे हैं, वे प्रामाणिक हों, यह व्यवस्था कमजोर थी ।...(व्यवधान) जैसा आपने अभी व्यक्त किया कि बिहार में सिर्फ 17 नर्सरीज़ ही थीं, लेकिन अभी कुछ ही दिन पहले हम लोगों ने नर्सरीज़ को रजिस्टर्ड करना प्रारम्भ किया है और इसमें 691 नर्सरीज़ देश भर में रजिस्टर्ड हुई हैं ।... (व्यवधान) राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड में भी एक पोर्टल बनाया है ।...(व्यवधान) इस पोर्टल में एक हजार से ज्यादा नर्सरीज़ ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है ।...(व्यवधान) अब इन नर्सरीज़ की संख्या बढ़ रही है । जैसा मंत्री जी ने बताया कि नर्सरीज़ को प्रोत्साहित करने के लिए हम सहायता भी देते हैं ।...(व्यवधान) नर्सरीज़ का रजिस्ट्रेशन हो, उनकी जानकारी राज्य सरकार के साथ-साथ केन्द्र को भी हो और उनके प्रत्यावहन की व्यवस्था हो, यह कमजोर थी, इसको अब सशक्त बना दिया गया है ।... (व्यवधान) मुझे लगता है कि देश भर में जहां-जहां प्लांट उपलब्ध होंगे, वहां प्रामाणिक रूप से पौधे उपलब्ध होने में कोई कठिनाई नहीं होगी । ऐसा मैं आपको बताना चाहता हूं ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 206, श्रीमती केशरी देवी पटेल ।

**(Q. 206)**

**श्रीमती केशरी देवी पटेल :** अध्यक्ष महोदय, माननीय किसान कल्याण मंत्री जी और देश का चौमुखी विकास करने वाले माननीय प्रधान मंत्री जी को मैं अपनी ओर से बहुत-बहुत बधाई देती हूं। **…**(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि उत्तर प्रदेश किसान उत्पादन संगठन को सरकार किस-किस फसल के लिए क्या-क्या सहयोग दे रही है और कौन-कौन किसान उत्पादन संगठन अपना उत्पादन विदेश में बेच रहे हैं? …(व्यवधान) इसका विस्तृत ब्यौरा क्या है? …(व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी:** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के द्वारा किसान उत्पादक संगठन, एफपीओ के बारे में जिक्र किया गया।**…**(व्यवधान) यह प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी की महत्वपूर्ण स्कीम है।…(व्यवधान) आने वाले समय में किसानों की इनकम डबल करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।…(व्यवधान) इसी को लेकर जैसा इन्होंने जिक्र किया कि पर्टिकुलर इस स्थान पर कौन से पौधे या कौन सी प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की योजना है, तो मेरा इसमें यही कहना है कि किसान उत्पादन संघ या जो किसान समूह बनेगा, इसमें दस हजार एफपीओज़ बनेंगे। …(व्यवधान) सरकार की योजना है कि आने वाले समय में प्रत्येक ब्लॉक पर एक एफपीओ बने, जिसके अन्दर किसान जो चाहे, अपने उत्पादन की प्रोसेसिंग यूनिट लगा सकता है। …(व्यवधान) वहां पर अपने उत्पादन की मार्केटिंग या पैकेजिंग करके, वह उसे मार्केट में अच्छे रेट पर बेच सकेगा। …(व्यवधान) यह अपने एफपीओ और किसान समूह के ऊपर डिपेंड है कि वहां की जो अधिकतम फसल होती है, उसी फसल को आधार मानते हुए, उसकी प्रोसेसिंग यूनिट लगा सकते हैं और समूह बना सकते हैं।…(व्यवधान) अलग-अलग क्षेत्र के अनुसार हम आर्गेनिक पर भी काम कर रहे

हैं।...(व्यवधान) हनी के लिए भी अलग एफपीओ बनाये जा रहे हैं। अगर स्पेशल इनके क्षेत्र का है, तो उसका इनको ही तय करना होता है। इसके बावजूद भी, अगर इनका कोई अलग से इश्यू होगा और वे व्यक्तिगत पूछेंगे, तो उसमें पर्टिकुलर कौन सी एजेंसी काम कर रही है, वह भी बता दिया जाएगा।

**श्रीमती केशरी देवी पटेल :** अध्यक्ष महोदय, मैं एक प्रश्न और पूछना चाहती हूं। मेरे जनपद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आलू एवं अमरूद की खेती विशेष होती है, परन्तु उचित रख-रखाव नहीं होने के कारण फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है।...(व्यवधान) क्या सरकार इन कृषि उत्पादन संगठनों को जोड़कर विशेष सहयोग करने पर विचार कर रही है? ...(व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी:** अध्यक्ष महोदय, एफपीओ के अंतर्गत सहायता का प्रावधान है। एफपीओ के लिए दो करोड़ रुपये तक एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बिना मॉर्गज पैसे देने का प्रावधान किया गया है। ... (व्यवधान) अगर वहां कोल्ड स्टोरेज या वेयरहाउस बनाना चाहें या प्रोसेसिंग यूनिट लगाना चाहें तो प्रधानमंत्री जी ने एक लाख करोड़ रुपये एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए उपलब्ध कराये हैं। उसी से अगर आलू, प्याज या अमरूद के लिए स्टोरेज की व्यवस्था करना चाहें तो उसके लिए सब्सिडी देने का भी प्रावधान है। इसके लिए सब्सिडी अलग से एवेलेवल करायी जाती है। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से भी एफपीओ को मजबूत करने के लिए जो भी सहायता होती है, वह भारत सरकार करती है। ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: श्री कनकमल कटारा जी।

... (व्यवधान)

**श्री कनकमल कटारा :** अध्यक्ष महोदय, मैं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं … (व्यवधान) क्योंकि आपने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है। … (व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि एफपीओ बनाने की क्या गाइडलाइन है? मेरी निर्वाचन क्षेत्र, जो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र है, छोटी जोत भी है। वहां एफपीओ के लिए न्यूनतम संख्या एवं विशेष अनुदान की कोई व्यवस्था बनी है? यदि हां तो क्या व्यवस्था होगी और नहीं तो क्यों?

इसके साथ ही मेरे निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा-डूगरपुर में मक्का की उपज बांसवाड़ा-धारोड़, कुशलगढ़, भागीदारा गढ़ी में अत्यधिक मात्रा में हो रही है, … (व्यवधान) परंतु खरीद केन्द्र की व्यवस्था नहीं होने के कारण कास्तकारों को बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ता है।

क्या माननीय मंत्री जी इस हेतु किसान उत्पादन संगठनों को प्रेरित करते हुए खरीद केन्द्र बांसवाड़ा में स्थापित करेंगे? अगर हां, तो कब तक और नहीं तो क्यों?

**श्री कैलाश चौधरी:** अध्यक्ष महोदय**,** माननीय सदस्य जी ने एफपीओ की गाइडलाइन के बारे में पूछा है। यह वास्तव में किसानों की इनकम डबल करने के लिए महत्वपूर्ण योजना है। जब पहले एफपीओ बनता था तो उसके लिए कम से कम एक हजार की संख्या होनी जरूरी थी। लघु और सीमांत किसानों के लिए हमने प्रावधान किया है कि अब एक हजार की जगह तीन सौ किसान अगर समूह बनाकर एफपीओ बनाते हैं तो रजिस्ट्रेशन के बाद उनको सहायता मिलती है।

उसके लिए नेशनल एजेंसी भी बनी हुई है**,** … (व्यवधान) सीबीओ इम्पिलमेंटेशन एजेंसी है, नेफड है, एनसीडीसी है, एसएफसी, नाबार्ड है, इस तरह स्टेट की भी एजेंसी है, जो इसका रजिस्ट्रेशन करती है और उसके बाद एफपीओ में किसान को पन्द्रह लाख रुपये इक्विटी ग्रांट के तौर पर उपलब्ध

कराये जाते हैं। अट्ठारह लाख रुपये एफपीओ को सपोर्ट के लिए दिए जाते हैं। यह सपोर्ट तीन साल के लिए होता है।

इसी तरह से एफपीओ के अंदर प्रोसेसिंग यूनिट लगाना चाहते हैं, जैसा मैंने पहले जिक्र किया, उसके अंदर दो करोड़ रुपये की सहायता एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से एवेलेवल करायी जाती है। मैं समझता हूं कि इनकी चिंता निश्चित रूप से वाजिब है। एफपीओ देश भर में बन रहे हैं, प्रत्येक ब्लॉक में बन रहे हैं।

माननीय सदस्य ने मक्का खरीद का जिक्र किया। अगर किसान एफपीओ प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर खुद सेल करेंगे, किसान की सीड्स और सेल को लेकर भी एफपीओ चिंता कर सकता है। उसकी इम्पिलेमेन्टिंग एजेंसी सीबीओ उनको ट्रेनिंग भी देगा… (व्यवधान) उसके अंदर एग्रीकल्चर का एक्पर्टीज भी होगा, मार्केटिंग की एक्सपर्टीज होगा। मार्केटिंग के अलावा किस तरह से उनको सेल करनी है, इसके लिए सारा प्रावधान किया गया है। मैं सोचता हूं कि निश्चित रूप से आने वाले समय में इन सभी को जोड़ते हुए हम किसानों की इनकम डबल कर सकते हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आज मैंने सदन में सात से ज्यादा किसानों के महत्वपूर्ण मुद्दे लिए हैं। मैं चाहता था कि किसानों के मुद्दों पर आप प्रश्न काल में माननीय मंत्री जी से सवाल पूछें और उनकी समस्या का समाधान हो। लेकिन आप किसानों के मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, संवाद नहीं करना चाहते हैं, तख्तियां लहरा रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, यह सदन आपका है, इसका सम्मान और मर्यादा करना आपकी जिम्मेदारी है। आपको देश की जनता ने इसलिए चुनकर भेजा है कि आप अपनी बात रखें, किसानों के मुद्दे पर बात रखें।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप नारेबाजी कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

---

**[*]WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**
**(Starred Question Nos.207 to 220**
**Unstarred Question Nos.2301 to 2530)**
**(Page No.37 to 695)**

[*] Available in Master copy of the Debate, placed in Library.

**माननीय अध्यक्ष:** सभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

**11.40 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.*

**12.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.*

(Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

**12.0 ½ hrs**

*At this stage, Sushri Mahua Moitra, Shri Ravneet Singh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Members, Hon. Speaker has received notices of Adjournment Motion from some Members on different issues. He has disallowed all the notices of Adjournment Motion.

… (*Interruptions*)

**12.01 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय सभापति :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। आइटम नंबर 2 से 13.

श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री मनसुख मांडविया जी की ओर से, मैं कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड तथा औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय के बीच वर्ष 2020-2021 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[Placed in Library, See No. LT 4482/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री राव इंद्रजीत सिंह जी की ओर से, मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 469 की उप-धारा (4) के अंतर्गत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (लेखांकन, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण और प्रतिदाय) संशोधन नियम, 2021 जो 9 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 396(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर **रखता हूं।**

[Placed in Library, See No. LT 4483/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री अश्विनी कुमार चौबे जी की ओर से, मैं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों से अनुज्ञापन संबंधी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमा और संचलन निर्बंधन को हटाना (दूसरा संशोधन) आदेश, 2021 जो 19 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 2871 (अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[Placed in Library, See No. LT 4484/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, साध्वी निरंजन ज्योति जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र** सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) हिन्दुस्तान वेजीटेबल ऑयल्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) हिन्दुस्तान वेजीटेबल ऑयल्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4485/17/21]

(3) गन्ना विकास निधि अधिनियम, 1982 की धारा 9 की उप-धारा (3) के अंतर्गत गन्ना विकास निधि (संशोधन) नियम, 2021 जो 26 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 210(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4486/17/21]

(4) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत गन्ना (नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2021 जो 31 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 2071(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4487/17/21]

(5) खाद्य निगम अधिनियम, 1964 की धारा 45 की उप-धारा (5) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय खाद्य निगम (स्टाफ) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2021 जो 7 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या ईपी-17(1)2020 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय खाद्य निगम (स्टाफ) (पहला संशोधन) विनियम, 2021 जो 7 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या ईपी.14(1)2017 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय खाद्य निगम (स्टाफ) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2021 जो 18 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सख्या ईपी.1(1)2015(पीटी.) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 4488/17/21]

... (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, डॉ. संजीव कुमार बालियान जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) ऐनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, चेन्नई के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) ऐनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, चेन्नई के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4489/17/21]

... (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री नित्यानन्द राय जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 2 के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) चंडीगढ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, चंडीगढ के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) चंडीगढ औद्योगिक और पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, चंडीगढ का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4490/17/21]

(3) कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

[Placed in Library, See No. LT 4491/17/21]

… (<u>व्यवधान</u>)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, कुमारी शोभा कारान्दलाजे जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) जम्मू एंड कश्मीर हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2001-2002 से 2010-2011 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) जम्मू एंड कश्मीर हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2001-2002 से 2010-2011 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 4492/17/21]

(ख) (एक) जम्मू एंड कश्मीर स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2004-2005 से 2014-2015 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) जम्मू एंड कश्मीर स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2004-2005 से 2014-2015 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 4493/17/21]

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले 21 विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) आन्ध्र प्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) आन्ध्र प्रदेश स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, हैदराबाद का वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 4494/17/21]

(ख) (एक) बिहार स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना के वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) बिहार स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना के वर्ष 2017-2018 और 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 4495/17/21]

(ग) (एक) महाराष्ट्र स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, मुम्बई के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) महाराष्ट्र स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, मुम्बई का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले 4 विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4496/17/21]

(5) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ.1542(अ) जो 9 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उसमें उल्लिखित 8 सदस्यों वाली सेंट्रल बायोस्टीमुलेंट कमेटी का गठन किया गया है।

(दो) उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) तीसरा संशोधन आदेश, 2021 जो 01 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.2126(अ) में प्रकाशित हुआ था तथा उसका शुद्धिपत्र जो 18 जून,2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.2416(अ)में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) का.आ.2127(अ) जो 1 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के लिए उसमें उल्लिखित उर्वरकों की विशिष्टताओं को अधिसूचित किया गया है।

(चार) उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2021 जो 15 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.2333(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(पांच) उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) पांचवा संशोधन आदेश, 2021 जो 2 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ.2671(अ) में प्रकाशित हुआ था।

[Placed in Library, See No. LT 4497/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री कैलाश चौधरी जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4498/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय**,** श्री ए**.** नारायणस्वामी जी की ओर से**,** मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) राष्ट्रीय अनुसूचित जातियां वित्त और विकास निगम, दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(2) राष्ट्रीय अनुसूचित जातियां वित्त और विकास निगम, दिल्ली का वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 4499/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, श्री अजय मिश्र टेनी जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) रेपको बैंक लिमिटेड, चेन्नई के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) रेपको बैंक लिमिटेड, चेन्नई के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4500/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, श्री भगवंत खुबा जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, अहमदाबाद के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4501/17/21]

(3) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, कोलकाता के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4502/17/21]

(5) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हाजीपुर के वर्ष 2018-2019 और 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4503/17/21]

(7) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, गुवाहाटी के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4504/17/21]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** सभापति महोदय, कुमारी प्रतिमा भैमिक जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 4505/17/21]

---

… (व्यवधान)

**12.02 hrs**

## MESSAGE FROM RAJYA SABHA

**माननीय सभापति :** आइटम नम्बर 14.

महासचिव ।

**SECRETARY GENERAL**: Sir, I have to report the following message received from the Secretary General of Rajya Sabha:

> "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the $2^{nd}$ August, 2021 agreed without any amendment to the Inland Vessels Bill, 2021 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the $29^{th}$ July, 2021."

---

… (व्यवधान)

**12.02 ¼ hrs**

## COMMITTEE OF PRIVILEGES
### 2nd and 3rd Reports

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** महोदय, मैं विशेषाधिकार समिति का दूसरा और तीसरा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

... (व्यवधान)

**12.02 ½ hrs**

## COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES
## 45th to 47th Reports

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** महोदय, मैं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :-

(1) "रेल मंत्रालय से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा" के बारे में 45वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(2) "आश्वासनों को छोड़ने के लिए अनुरोध (स्वीकार किए गए)" के बारे में 46वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(3) "आश्वासनों को छोड़ने के लिए अनुरोध (स्वीकार नहीं किए गए)" के बारे में 47वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

---

... (व्यवधान)

**12.02 ¾ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON FINANCE
## 32nd to 39th Reports

**SHRI JAYANT SINHA (HAZARIBAGH):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Finance:-

(1) Thirty-second Report on the subject 'Implementation of Insolvency and Bankruptcy Code-Pitfalls and solutions' of the Ministry of Corporate Affairs.

(2) Thirty-third Report on Action Taken by the Government on Recommendations contained in 68th Report (Sixteenth Lok Sabha) on subject 'Banking Sector in India - Issues, Challenges and the Way Forward with specific reference to NPAs/Stressed Assets in Banks/Financial Institutions' of the Ministry of Finance (Department of Financial Services).

(3) Thirty-fourth Report on Action Taken by the Government on Recommendations contained in 12th Report on 'Financing the Startup Ecosystem' of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs and Revenue) and Ministry of Commerce (Department for Promotion of Industry and Internal Trade).

(4) Thirty-fifth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 25th Report on Demands for Grants (2021-22) of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs, Expenditure, Financial Services, and Investment and Public Asset Management).

(5) Thirty-sixth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 26th Report on Demands for Grants (2021-22) of the Ministry of Finance (Department of Revenue).

(6) Thirty-seventh Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 27th Report on Demands for Grants (2021-22) of the Ministry of Corporate Affairs.

(7) Thirty-eighth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 28th Report on Demands for Grants (2021-22) of the Ministry of Planning.

(8) Thirty-ninth Report on Action taken by the Government on the recommendations contained in 29th Report on Demands for Grants (2021-22) of the Ministry of Statistics and Programme Implementation.

---

… (व्यवधान)

**12.03 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON LABOUR
**25th Report**

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** महोदय, मैं 'बढ़ती हुई बेरोजगारी पर कोविड-19 का प्रभाव तथा संगठित और असंगठित क्षेत्रों में रोजगार/आजीविका का जाना' विषय के बारे में श्रम संबंधी स्थायी समिति का 25वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

... (व्यवधान)

**12.03 ½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES
**Statement**

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** महोदय, मैं जल शक्ति मंत्रालय – जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की 'अनुदानों की मांगों (2019-20) और (2020-21)' विषय के बारे में क्रमश: पहले और तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर की-गई-कार्रवाई संबंधी छठे और आठवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों के बारे में सरकार द्वारा आगे की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के विवरण की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

… (व्यवधान)

**12.04 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT

**Statements**

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर) :** सभापति महोदय, मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं :-

(1) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के 'बहु-क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी)/प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजना' के बारे में समिति (2017-18) के 62वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2018-19) के 66वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा अंतिम की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(2) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगें (2019-20)' के बारे में समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2019-20) के 13वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार दवारा अंतिम की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(3) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगें (2020-21)' के बारे में समिति के आठवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2020-21) 17वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार दवारा अंतिम की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

---

… (व्यवधान)

**12.04 ½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE
## 298th Report

**श्री रामदास तडस (वर्धा) :** सभापति महोदय**,** मैं परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति का 'पर्यटन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगें (2021-22) संबंधी समिति के 288वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई' के बारे में 298वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

… (व्यवधान)

**12.05 hrs**

## STATEMENTS BY MINISTERS

**(i)Status of implementation of the recommendations contained in the 25th Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Agricultural Research and Education, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare***

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) :** सभापति महोदय, मैं कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के 25वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

… (व्यवधान)

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4472/17/21.

**12.06 hrs**

**(ii)(a)Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 1st Report of the Standing Committee on Social Justice & Empowerment on Demands for Grants (2019-2020) pertaining to the Department of Social Justice and Empowerment, Ministry of Social Justice and Empowerment***

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. वीरेन्द्र कुमार)** : सभापति महोदय, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं :-

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-2020) के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के पहले प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

**(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Social Justice & Empowerment on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Social Justice and Empowerment, Ministry of Social Justice and Empowerment***

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. वीरेन्द्र कुमार)** : सभापति महोदय, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं :-

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-2021) के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

---

... (व्यवधान)

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4473/17/21 and 4474/17/21 respectively.

**<u>12.07 hrs</u>**

**(iii)Status of implementation of the recommendations contained in the 10th Report of the Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution***

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) :** सभापति महोदय, मैं उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के 10वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

… (<u>व्यवधान</u>)

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4475/17/21.

**12.08 hrs**

**(iv)Status of implementation of the recommendations contained in the 9th Report of the Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Food and Public Distribution, Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution***

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति) :** सभापति महोदय, मैं खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के 9वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखती हूं।

---

… (व्यवधान)

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4476/17/21.

**12.08 ½ hrs**

**(v)Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 228th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in 222nd Report of the Committee on the 'Management of Worsening Traffic situation in Delhi' pertaining to the Ministry of Home Affairs***

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) : सभापति** महोदय, मैं गृह मंत्रालय से संबंधित 'दिल्ली में बिगड़ती हुई यातायात स्थिति का प्रबंधन' के बारे में समिति के 222वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 228वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

... (व्यवधान)

**12.09 hrs**

**(vi) Status of implementation of the recommendations contained in the 224th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Ministry of Home Affairs***

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय मिश्र टेनी) : सभापति** महोदय, मैं गृह मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-2021) के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 224वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

... (व्यवधान)

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4477/17/21 and 4478/17/21 respectively.

**<u>12.09 ½ hrs</u>**

**(vii) (a)Status of implementation of the recommendations contained in the 3rd Report of the Standing Committee on Chemicals & Fertilizers on Demands for Grants (2019-2020) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI BHAGWANTH KHUBA):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 3rd Report of the Standing Committee on Chemicals & Fertilizers on Demands for Grants (2019-2020) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers.

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4479/17/21.

**(b)Status of implementation of the recommendations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Chemicals & Fertilizers on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI BHAGWANTH KHUBA):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Chemicals & Fertilizers on Demands for Grants (2020-2021) pertaining to the Department of Fertilizers, Ministry of Chemicals and Fertilizers.

---

… (*Interruptions*)

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 4480/17/21.

**माननीय सभापति :** डॉ. एल. मुरुगन।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपसे निवेदन है कि आप लोग अपनी-अपनी सीट्स पर जाएँ।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**12.11 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

**14.01 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at One Minute past Fourteen of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

… (व्यवधान)

**14.0 1½ hrs**

*At this stage, Sushri Mahua Moitra, Shri Hibi Eden, Dr. Kalanidhi Veeraswamy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

… (व्यवधान)

**<u>14.02 hrs</u>**

## MATTERS UNDER RULE -377*

**माननीय अध्यक्ष:** जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अन्दर व्यक्तिगत रूप से सदन के पटल पर रख दें।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर आपको चर्चा करनी है तो आप अपनी सीट पर जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अपनी सीट पर जाइए, वहां से बोलिए। मैं आपको मौका दूंगा। आप जाइए।

… (व्यवधान)

* Treated as laid on the Table.

## (i) Regarding implementation of Ayushman Bharat Yojana in West Bengal

**श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर):** मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री जी की अति महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत की ओर दिलाना चाहता हूं। इस योजना के माध्यम से देश के गरीब लोगों में जीवन स्वास्थ्य और खुशहाली आई है। माननीय प्रधानमंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में आयुष्मान भारत योजना संचालित हो रही है जिसके तहत गरीबों को 5 लाख तक की चिकित्सा केन्द्र सरकार द्वारा निःथल्क उपलब्ध कराई जाती है किंत अत्यंत खेद पूर्वक बताना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस योजना का अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है जिसके कारण पश्चिम बगाल के करोड़ों गरीब इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं और समुचित इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ देते हैं। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भी आयुष्मान भारत योजना को संचालित कराने के लिए यथोचित कार्रवाई किया जाए।

## (ii)Need to provide stoppage of train Nos. 05113/14 and 55007/08 at Taraiya Sujan Railway Station in Deoria district, Uttar Pradesh

**श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया):** मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि मेरें लोकसभा क्षेत्र देवरिया जनपद कुशीनगर के अन्तर्गत तरया सुजान रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश का अंतिम स्टेशन होने के कारण यहाँ से लगभग 50 ग्राम सभा के लोग ट्रेन मार्ग से ही जुडे है, जिसकी आबादी लगभग पचास हजार से दो लाख के बीच है। यहाँ दियारा क्षेत्र के अहिरौलीदान, बाकखाश, विरवट, बाघाचौर, सिसवा नाहर, मठिया श्रीराम, जमसड़िया, रामपुर बंगरा आदि गाँव के लोग इलाज एवं रोजगार के लिए तरया सुजान रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकडते है। ट्रेन के अलवा इनके पास यातायात का कोई दूसरा साधन नहीं है, जिस वजह से यहाँ की स्थानीय जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव होना अत्यंत अवश्यक है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर छपरा वाया गोमतीनगर ट्रेन संख्या 05113/05114 तथा गोरखपुर वाया पाटलिपुर ट्रेन संख्या 55008/07) का ठहराव कराने की कृपा करें।

## (iii)Need to enhance the minimum pension under Employees' Pension Scheme

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र):** मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि कर्मचारी पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली वर्तमान न्यूनतम राशि (ईपीएस)1000 रुपये हैं जो वर्तमान परिस्थिति और कालखंड के अनुसार काफी कम है। निरंतर बढ़ती महंगाई तथा आधारभूत वस्तुओं की कीमतों में हो रही लगातार वृद्धि के कारण 1000 रुपये की राशि बहुत ही छोटी एवं असमर्थ लगती है। वर्तमान वैश्विक महामारी ने इस संकट को और अधिक असहनीय बना दिया है तथा 1000 रुपये की राशि की क्रय शक्ति को संकुचित कर दिया है।

उपरोक्त परिस्थिति को मद्देनजर में रखते हुए इस राशि को तत्काल बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह कर दी जाए । जैसा कि आपको ज्ञात होगा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठनके (ईपीएफओ) सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने2019 में न्यूनतम राशि में वृद्धि की सिफारिश की थी । इसके पश्चात संसद की स्थायी समिति की ओर से भी न्यूनतम राशि में वृद्धि के लिए श्रम मंत्रालय को निर्देश दिए गए थे । किंतु आज तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है । अतः केंद्र सरकार से नम्र निवेदन है कि व्यापक जन कल्याण को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त राशि को-बढ़ाकर 3000 रुपये न्यूनतम तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कर दिया जाना चाहिए ।

## (iv)Regarding implementation of 'Patmada Pump Nahar' scheme in Jharkhand

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि विगत कई वर्षों से मैं एक सिंचाई योजना के निर्माण के लिए प्रयासरत हूं। मुझे बताया गया कि नीमडीह, वामनी, बोड़ाम एवं पटमदा क्षेत्र स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के कमांड क्षेत्र से बाहर है। इन क्षेत्रों के आदिवासी, पिछड़े एवं गरीब किसान सब्जी की खेती प्रचुर मात्रा में करते हैं तथा इसकी आपूर्ति जमशेदपुर आसपास के इलाकों में बेचकर अपना गुजारा करते हैं। यदि इन क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाय तो क्षेत्रों के किसानों का आर्थिक विकास होगा तथा रोजगार की खोज में बहुत हद तक इनका पलायन भी रुक जाएगा।

उपरोक्त संबंध में मैंने जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार के सचिव से दिनांक 7.4.2021 को मिला था। सचिव के द्वारा इस संबंध में मुख्य अभियंता चांडिल कंपलेक्स जमशेदपुर को योजना बनाने का निदेश दिया गया है। मुख्य अभियंता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चांडिल जलाशय योजना से पंप कर एक लाइक इरीगेशन की योजना परिकल्पित की गई है जिससे लगभग 12000 से 15000 हेक्टेयर भूमि मैं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी तथा लगभग 6000.00 करोड़ रुपए व्यय होगा । इस योजना का नाम पटमदा पंप नहर रखा गया है। इस योजना का विस्तृत सर्वेक्षण एवं डीपीआर इत्यादि बनाने का कार्य बरसात के बाद किया जाएगा।

अतः माननीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि इस योजना के त्वरित कार्यवाही हेतु जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार को स्मरण कराने की कृपा की जाए।

## (v) Regarding establishment of a Postal Head office at Yadagir city, Karnataka

**DR. UMESH G. JADAV (GULBARGA):** I would like to draw the kind attention of the Hon'ble Minister towards the fact that Yadagir District in the Karnataka was formed 11 Years ago after bifurcation of District Kalaburagi. Now, it is having 6 Talukas, City Corporations & Municipal Corporation. But till date the District does not have Postal Head Office at the District Headquarters. For all the major postal department works, the people of this district have to go to Kalaburagi City which is around 100 Kms from the Yadagir City & around 160 Kms from few Taluka Places. People of this district are finding huge difficulties to meet their Postal Department works.

Therefore, I urge the Hon'ble Minister to look into this matter at the earliest and establish a Postal Head Office at Yadagir City and do the needful.

**(vi)Need to construct pit line at Latur Railway Station, Maharashtra**

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर):** रेलवे द्वारा 2019 में लातूर स्टेशन पर पिटलाइन बनाने का अनुमोदन किया गया था। परंतु बजट में इस हेतु धनराशि आबंटन नहीं किए जाने के कारण अब तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जनता की मांग पर जब भी मैं लातूर स्टेशन से नई रेल आरंभ किए जाने अथवा यात्री सुविधाओं के बारे में कोई मांग उठाता हूं तो मुझे यही जवाब दिया जाता है कि स्टेशन पर आवश्यक सर्विस लाइन नहीं होने के कारण यह संभव नहीं है। इस कारण विगत 70 साल से यहां पर कोई नई रेल शुरू नहीं की गई है।

लातूर स्टेशन पर यात्री व माल का आवागमन विगत कई सालों से काफी बढ़ गया है। रेल कोच फैक्ट्री के शुरू हो जाने से भी यहां यात्री सुविधाओं के तत्काल विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पिट लाइन के बन जाने से न केवल यात्रियों की मांग व आवश्यकता के अनुरूप यहां से नई रेल शुरू करने की सुविधा हो पाएगी अपितु मराठवाड़ा के लोगों को देश के विभिन्न स्थानों पर आने-जाने के लिए यहां से आवश्यक नई रेल शुरू करना संभव हो जाएगा। मुझे आश्वासन दिया गया था कि 2020 में पिट लाइन के लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर इसका निर्माण कर दिया जाएगा परन्तु धन के प्रावधान नहीं होने के कारण इस पर निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। डीआरएम,सोलापुर से पूछे जाने पर उनका यही जवाब होता है कि बजट प्रावधान होने के बाद ही इस का निर्माण कार्य शुरू होगा। इस साल अर्थात् 2021-22 के बजट में भी इसके निर्माण हेतु धनराशि आबंटन का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अत: मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस साल के बजट में लातूर स्टेशन पर पिट लाइन के निर्माण हेतु आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर इसका

निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाए ताकि मराठवाडा की जनता की मांग के अनुसार लातूर स्टेशन से नई रेल शुरू करना तथा अन्य यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना संभव हो सके।

## (vii)Regarding reinstating the 11 left-out Gorkha sub-tribes as STs

**SHRI RAJU BISTA (DARJEELING):** Patriotism and valour of Gorkha community is not hidden from anyone, what is hidden is their struggles and the alleged discrimination they face.

Gorkha community was compositely recognized as “Hill Tribes” till Independence. However, after Independence, their “Hill Tribes” status was taken away, without any consultation with the community.

Over the course of time, out of 18 sub-tribes, 7 have been accorded ST status, two as recently as 2001. But 11 sub-tribes are still struggling for the recognition of their identity.

This has resulted in social marginalization of the Gorkhas.

Sikkim State Assembly passed a resolution to include these 11 left-out Gorkha sub-tribes as ST in January 2021 and WB State Cabinet in 2014.

Gorkhas have patiently waited for justice for a long time.

There is urgent need for reinstating the 11 left-out Gorkha sub-tribes as ST in order to provide them constitutional protection. I request the Union Government to expedite the process.

## (viii)Need to set up a Mini Food Park in Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency, Haryana

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):**मेरा संसदीय क्षेत्र किसान बहुल क्षेत्र है । इस क्षेत्र में हरी सब्जियां (जैसे टमाटर, आलू, प्याज) व फल आदि बहुत अधिक मात्रा में होते हैं । रेल व राष्ट्रीय राजमार्ग की भी अच्छी कनेक्टिविटी है । लोजेस्टिक हब, कोल्ड स्टोरेज, आई.एम.टी. खुडाना आदि भी है । दिल्ली एन.सी.आर. का हिस्सा है व राजस्थान बोर्डर के साथ साथ लगता है । अगर एक मिनी फूड पार्क संसदीय क्षेत्र में बन जाए तो किसानों को सब्जियों व फलों के अच्छे दाम व बहुत ज्यादा मात्रा में रोजगार मिल जाएगा । इसका फायदा न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी – महेन्द्रगढ़ को होगा बल्कि राजस्थान – दिल्ली व मुंबई व देश के अन्य शहरों तक होगा क्योंकि संसदीय क्षेत्र के नांगल चौधरी में दिल्ली – मुंबई कॉरीडोर व लोजोस्टिक हब बनाया जा रहा है । इसलिए मेरा निवेदन है कि एक मेगा फूड पार्क का निर्माण भिवानी – महेन्द्रगढ़ में भी कराया जाए ।

**(ix)Need to develop Ratanpur in Bilaspur district, Chhattisgarh as a tourist place**

**श्री अरूण साव (बिलासपुर):** रतनपुर, जिला – बिलासपुर प्राचीन समय में छत्तीसगढ़ (छत्तीसगढ़) की राजधानी रही है ।यह एक धार्मिक , पौराणिक एवं ऐतिहासिक शहर है । जहां पर अनेक प्राचीन मंदिर, किला, भवन, तालाब आदि स्थित है । नवरात्रि पर्व के समय यहाँ माँ महामाया के दर्शन हेतु लाखों श्रद्धालु आते हैं । इस प्रकार रतनपुर में एक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएँ विद्यमान हैं । अतः मैं केंद्र सरकार से एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर रतनपुर जिला – बिलासपुर को सर्वसुविधा युक्त पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की मांग करता (छत्तीसगढ़) हूँ।

**(x) Regarding enhancement of Pension under EPS-1995**

**श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर):** मैं माननीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री जी का ध्यान कर्मचारी भविष्य निधि योजना ई0पी0एस0 95 की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। महोदय, इस समय देश में पेंशनभोगियों की संख्या लगभग 67 लाख है । ये पेंशनधारी कर्मचारियों को रू 1000/- प्रति माह की दर से पेंशन प्राप्त हो रही है ।

इस बात से आश्चर्य होगा कि यह पेंशन कई राज्य सरकारों द्वारा अपनेअपने राज्यों में प्रारम्भ की गयी बृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन, इत्यादि से भी कम है । मैं सरकार के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूँ कि इन पेंशनरों की पेंशन को रू 1000/- से बढ़ाकर रू 3000/- किये जाने और इसके साथ ही इसे मूल्य बृद्धि सूचकांक से जोड़ते हुए मंहगाई दिये जाने की सिफारिश कोश्यारी संसदीय समिति ने 2012 में की थी । परंतु इस सिफारिश पर अभी तक सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

